



# समय-सीमा बैठक में जनहित के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

## खाद बुकिंग, सीएम हेल्पलाइन और बाढ़ राहत तैयारियों की हुई समीक्षा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 8 जुलाई, अपर कलेक्टर पीके पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा आयोजित की गई. बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, समय-सीमा के लंबित प्रकरणों तथा विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए.**



अपर कलेक्टर ने ई-विकास पोर्टल पर खाद की स्लॉट बुकिंग से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए. उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण प्राथमिकता के आधार पर समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए. बैठक में पीएमसी-एनीमिया कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण कर निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए गए. संभावित वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अपर कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों एवं संबंधित विभागों को सड़कों और नालियों की साफ-सफाई कराने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने जल निगम की प्रस्तावित पानी की टंकियों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने, समग्र ई-केवाईसी अभियान में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने तथा बिजली के खंभों एवं क्षतिग्रस्त केबलों की मरम्मत समयबद्ध रूप से कराने के निर्देश भी दिए. बैठक में कहा गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए तथा सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ करें. वर्षाकाल को देखते हुए साफ सफाई के प्रति किसी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिये गये है. बैठक में एसडीएम मऊगंज ए.पी. द्विवेदी, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता, डिप्टी कलेक्टर रश्मि चतुर्वेदी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.

# नपा की लापरवाही से वार्ड-8 की जनता नारकीय जीवन जीने को मजबूर

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 8 जुलाई, एक ओर सरकार स्वच्छता अभियान के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर नगर परिषद हनुमना का वार्ड क्रमांक 8 उन दावों की हकीकत बयां कर रहा है. राइस मिल के सामने से सगरा कला जाने वाली सड़क के किनारे गीले और सूखे कचरे का विशाल ढेर प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है.**

सड़क किनारे फैली सड़ांध, उठती दुर्गंध और चारों ओर बिखरा कचरा स्थानीय लोगों का जीना दूभर कर चुका है. सबसे हैरानी की बात यह है कि यहां आज तक डस्टबिन की व्यवस्था तक नहीं की गई, जिसके कारण पूरा कचरा सड़क पर ही जमा हो रहा है. बरसात के मौसम में यह गंदगी बीमारी और संक्रमण को खुला न्योता दे रही है.

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि केवल कागजों में स्वच्छता का ढोल पीट रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत बदहाली की कहानी बयां कर रही है. नागरिकों ने मऊगंज जिला कलेक्टर, नगर परिषद अध्यक्ष सोनू गुप्ता तथा नवनियुक्त सीएमओ से तत्काल कचरे का निस्तारण, नियमित सफाई और स्थायी डस्टबिन की व्यवस्था कराने की मांग की है. वहीं कुछ स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि विकास और सफाई कार्यों में प्राथमिकताएं पारदर्शी नहीं हैं.

उनका कहना है कि 'जहां काम में लाभ दिखाई देता है, वहीं तेजी दिखती है, जबकि आम जनता की मूलभूत समस्याएं वर्षों से उपेक्षित पड़ी हैं.' यह स्थानीय लोगों का आरोप है, जिसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है. अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस बदहाल व्यवस्था को देखकर भी चुप बैठे रहेंगे? क्या जनता को स्वच्छ वातावरण में जीने का अधिकार सिर्फ भाषणों और पोस्टरों तक सीमित है? यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो यह गंदगी केवल नगर परिषद की लापरवाही ही नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की जवाबदेही बनेगी.

# क्रेशर संचालकों के तानाशाह रवैया से परेशान आदिवासियों के बीच पहुंचे पूर्व विधायक

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 8 जुलाई, मऊगंज जिले के आदिवासी बाहुल्य अदवांचल के शारदा मां बिरादेई पिपराही आदि में सैकड़ो की संख्या में वैधव अवैध क्रशर संचलको के चलते लोगों का जहां जीना दुश्वार हो गया है.**

लोग जान को हथेली पर लेकर वहां रहने को मजबूर है जिसकी शिकायत कलेक्टर मऊगंज से भी करने के बावजूद आज तक कोई समाधान न निकलने से आदिवासियों की पूजा सुन पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना अचानक आदिवासियों के साथ क्रेशर प्लांट एरिया में पहुंच सभी ट्रेसर प्लांटों से लगी बस्तियों में घूमकर जायजा लेते हुए उत्पन्न समस्याओं से अवगत होकर तत्काल सख्त रुख अपनाते हुए क्रेशर संचालकों को बुलाकर हिदायत देते हुए कहा आदिवासियों के घरों के किनारों तक जो भारी भरकम मौत की खाईनुमा खोदाई की गई है उसे तुरंत उसे पटवाने का कार्य शुरू करवाए वही कई नालों बहरों के पाट देने से पानी का रुख घरों और बस्तियों की ओर कर दिया गया है तुरंत डायवर्ट किया जाय.

श्री सिंह ने उपस्थित क्रेशर संचालकों को फटकार लगाते हुए उन सभी नालों को खोलने का आदेश दिया जिसे तत्काल खोला गया ब्लास्टिंग से घरों पर पत्थर आनेतथा धूल की समस्या से निजात दिलाने को कहा साथ ही उनकी सड़कों से आने जाने के रास्तों को कंटीले तारो से रुंधने से काफी समस्या हो रही थी वहां के रहवासियों को तत्काल उसे खुलवाने का कार्य किए जाने सहित अनेक समस्याओं का निदान करवाए. अन्यथा आगे की लड़ाई लड़ी जाएगी.

# दो वर्ष बाद वार्ड नंबर-10 की नाली की हुई सफाई

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 8 जुलाई, नगर परिषद हनुमान के वार्ड क्र. 10 की नालियों की दो वर्षों से सफाई न किए जाने से बजबजाती नालियों के पानी तथा कीड़े मकोड़े घरों के अंदर घुसने से लोग परेशान थे.**

लोगों की पुकार को अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने की खबर का असर हुआ कि दूसरे दिन ही नगर परिषद प्रशासन हरकत में आया और वार्ड क्रमांक 10 के नालियों की सफाई का कार्य प्रारंभ हो गया. हनुमना नगर परिषद कि यह परंपरा बन चुकी है कि नालियों का कचरा निकाल कर सूखने तक कई दिनों तक वही सामने द्वार पर रख देने से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है लोग संक्रामक बीमारियों के शिकार होते हैं वही वह गंदगी लोगों के घरों के अंदर भी पुनः पहुंच जाती है सड़कों पर तो यह गंदगी फैलती ही है इसलिए नगर परिषद प्रशासन से नागरिकों ने मांग की है कि नालियों को साफ करने के तत्काल बाद कचरे को ट्रैक्टर पर लादकर अन्यत्र कहीं निर्जन स्थान पर फेंका जाए जिससे लोग संक्रमित बीमारियों से बच सके.



ओमप्रकाश के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह में विधायक एवं अन्य

# जमीन विवाद में प्रशासनिक कार्रवाई पर उठे सवाल, कलेक्टर से शिकायत

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 8 जुलाई, मऊगंज जिले की हनुमना तहसील के मलैगवां गाँव में जमीन विवाद का मामला अब प्रशासनिक सुर्खियों में है.**

स्थानीय अधिवक्ता शिवशंकर प्रसाद केवट ने जिला कलेक्टर को एक शिकायती पत्र सौंपकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं. प्रार्थी के अनुसार, उनके पास वर्ष 2006 से अपनी जमीन (खसरा नंबर 76/13) के पुख्ता रजिस्ट्री दस्तावेज मौजूद हैं और राजस्व रिकॉर्ड में भी उनका नाम 'भूमिस्वामी' के रूप में दर्ज है, जिसे लेकर उन्होंने सीमांकन की मांग की थी. अधिवक्ता का आरोप है कि 12 जून 2026 को सीमांकन के लिए आवेदन देने के बावजूद प्रशासन द्वारा समय पर कार्रवाई नहीं की गई. इसके विपरीत, 25 जून 2026 को तहसीलदार, पुलिस बल और कुछ निजी व्यक्तियों (अर्जुन पाण्डेय, गुलाब गुप्ता आदि) की उपस्थिति में बिना किसी सीमांकन या जाँच के उनके मकान का ताला तोड़ दिया गया. प्रार्थी का कहना है कि यह एकतरफा कार्रवाई उन्हें बेदखल करने के उद्देश्य से की गई है, जबकि वे कानूनी प्रक्रिया का पालन करने की मांग करते रहे हैं.

शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि इस दौरान उन्हें भविष्य में झूठे मुकदमों में फंसाने और वकालत का लाइसेंस निरस्त कराने की धमकियाँ दी गई हैं. इस पूरे मामले पर जब हनुमना तहसीलदार से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो कोई संतोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं हुआ. पीड़ित अधिवक्ता ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जाँच कराने, और दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की मांग की है.





भारतीय किसान संघ तहसील हनुमना की बैठक में पदाधिकारी

# ओम प्रकाश मिश्रा शिक्षा विभाग से हुए सेवानिवृत

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 8 जुलाई, त्योंथर क्षेत्र के शिक्षा क्षेत्र से जुड़े ओम प्रकाश मिश्र व्यथित एक साहित्यकार एवं कवि भी हैं. वे क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में एक शासकीय सेवक के रूप में काम करते हुए अब सेवा से अवकाश प्राप्त कर चुके हैं.**

उनकी विदाई एवं उनका सम्मान समारोह त्योंथर नगर परिषद क्षेत्र के चिल्ला में आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ तिवारी उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में कुमार विश्वास के पिता चन्द्रपाल शर्मा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं विभिन्न विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के.बी. पांडे सहित अन्य कई लोग उपस्थित हुए. कार्यक्रम में प्रयागराज के वरिष्ठ साहित्यकार राम लखन शुक्ला उपस्थित हुए. कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में उनके विभाग के लोगों द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य संतोष गौतम ने किया. आभार प्रदर्शन त्योंथर अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष ब्रह्मा नारायण शर्मा द्वारा किया गया. इस आयोजन में क्षेत्र के अनेक विद्यालयों के आचार्य प्राचार्य एवं अंचल के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति प्रमुख रही. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने ओमप्रकाश मिश्र के सेवा अवकाश के पश्चात राजनीतिक क्षेत्र में आने का संकेत करते हुए उनसे आग्रह किया कि वह राजनीति में उनका मार्गदर्शन करें. वैसे भी शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए भी वे पर्दे के पीछे से सदैव सत्ता पक्ष की राजनीति में अहम भूमिका अदा करते रहे हैं, जिसकी वजह से प्रशासनिक अम्लों में उनकी पकड़ बनी रहती थी.

# केएन सिंह नगर परिषद गुढ़ के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 8 जुलाई, गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेन्द्र सिंह ने नगर परिषद गुढ़ के लिए सेवा निवृत्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.एन. सिंह को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है.**

नियुक्ति के बाद श्री सिंह नगर परिषद की सभी बैठकों में विधायक के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे तथा परिषद की कार्यवाहियों और विकास कार्यों की निगरानी करेंगे. के.एन. सिंह के पास नगर प्रशासन का लंबा



अनुभव है. के.एन. सिंह की नियुक्ति पर पत्रकार विकास परिषद म.प्र. के के पूर्व महासचिव इन्द्रभान प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव, भाजपा मंडल गुढ़ अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, अरुण सिंह, मंडल उपाध्यक्ष रावेंद्र मिश्रा, श्रीमती गीता मुद्रिका प्रसाद तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया.

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संघ करेगा प्रदर्शन

## मूंग की खरीदी में आ रही विसंगति पर चर्चा

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 8 जुलाई, सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में भारतीय किसान संघ तहसील हनुमना की मासिक बैठक संपन्न हुई. सर्वप्रथम तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा द्वारा सामूहिक संगठन गीत गाया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मऊगंज हरिशंकर पांडे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तहसील अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा, तहसील प्रभारी यज्ञ नारायण सिंह सेगर, जिला मीडिया प्रभारी आनंद मिश्रा एवं वहां उपस्थित कई ग्राम समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में भगवान बलराम एवं भारत माता के चित्र पर धूप दीप पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. जिसमें हनुमना तहसील के सभी मंडल में मंडल संरचना करने पर विशेष चर्चा की गई ,ताकि सभी मंडलों की कार्यकारिणी का गठन अति शीघ्र हो सके, वर्तमान समय में किसानो की मूंग खरीदी में हो रही विसंगतियां उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, एवं ज्यादातर किसानों का आज तक फार्मर आईडी नहीं बन पाया. जिस विषय को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, और सरकार के द्वारा इन व्यवस्थाओं को लेकर की जा रही हीला हवाली के विरोध में प्रांत की सूचना व निर्देशानुसार, 9 जुलाई 2026 को प्रदेश व्यापी तहसील स्तरीय धरना प्रदर्शन ज्ञापन देने संबंधी विषय पर विस्तृत चर्चा की गई. जिसमें सभी तहसील स्तर पर दिनांक 9 जुलाई 2026 को धरना प्रदर्शन किया जाएगा, इसके बाद शासन स्तर तक किसानों की विभिन्न मांगों को पहुंचाने के लिए एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा.

बैठक में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष मऊगंज हरिशंकर पांडे, तहसील अध्यक्ष हनुमना रामकृष्ण मिश्रा, तहसील प्रभारी यज्ञ नारायण सिंह सेंगर, भारतीय किसान संघ के सक्रिय एवं संरक्षक सदस्य रामकृष्ण मिश्रा सगरा, आनंद मिश्रा, रमेश कुमार द्विवेदी, हरिशंकर मिश्रा, मंगलेश्वर प्रसाद मिश्रा, इंद्र बहादुर सिंह ,मुनीद्र प्रसाद मिश्रा, विशेश्वर प्रसाद मिश्रा, चंद्रमौलि मिश्रा आदि मौजूद रहे.

# युवा संगम रोजगार मेला 15 को

सतना 08 जुलाई। जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 15 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कालेज बिरला रोड सतना में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सतना ने बताया कि रोजगार मेले में स्वतंत्र फइनेंस, प्राकृतशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा इंटरप्राइजेज, ग्लोबल मैन पावर लिमिटेड गुजरात, सीआईआई एमसीसी पुणे, निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

# डॉ . संगीता ने औद्योगिक स्थल का किया निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**गुढ़, 8 जुलाई, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति की सभापति डॉ. संगीता शर्मा व सदस्य देवेन्द्र शुक्ल तथा एमपीआईडीसी के अधिकारियों अनिल सिंह एवं अभिलाष मिश्र के साथ रीवा जिले के गुढ़ तहसील में 78 हेक्ट में विकसित औद्योगिक क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया.**

आवंटित प्लॉट में स्थापित इकाई पाथ इंडस्ट्रीज, श्री साई इण्डस्ट्रीज के निरीक्षण के दौरान युनिट प्रतिनिधियों से औद्योगिक क्षेत्र में आने वाली रोजगार, निवेश सामाजिक दायित्व के साथ समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर लाइट पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से सुनिश्चित कराने की बात कहते हुए सभापति डॉ. संगीता शर्मा ने कहा कि भगवान शिव की नगरी गुढ़ अब धार्मिक सांस्कृतिक स्थल के साथ आधुनिक औद्योगिक क्रांति के रूप में भी नई पहचान बनाएगा तथा प्रदेश में औद्योगिक भविष्य का नया केंद्र बनने के साथ रोजगार निवेश और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी. उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास तथा उद्योगों की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे. इससे न केवल स्थानीय युवाओं को अपने तहसील में ही रोजगार मिलेगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति प्राप्त होगी.

डा.संगीता ने कहा कि हमारी उद्योग समिति लगातार औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में औद्योगिक क्षेत्र को विकसित करती है जिससे किसानो को अपनी उपज का बेहतर बाजार मिले और युवाओं के लिए रोजगार के नए आयाम पैदा होगे नये उद्योग स्थापित होने से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी उन्होंने कहा कि हमारी समिति लगातार खेती उद्योग और बाजार के बीच बेहतर समन्वय बनाने की दिशा में कार्य कर रही है. इस दौरान आवंटित प्लॉट में उद्योगों की स्थापना शीघ्र कराने के निर्देश अधिकारियो को देते हुए कहा कि उद्योगों में रोजगार के निर्धारित मापदंडों का पालन सुनिश्चित कराने के साथ स्थानीय लोगो को अधिकाधिक रोजगार उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने की बात कही. समिति के सदस्य देवेंद्र शुक्ल ने कहा कि नये उद्योग की स्थापना से उक्त शेत्रों में रोजगार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष अवसर भी शेत्रवासीओ को मिलेगा वही लंबे समय से रोजगार की तलाश में अन्य शहरों की ओर पलायन करने वाले युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे साथ ही परिवहन, व्यापार, कृषि प्रसंस्करण एवं अन्य सहायक क्षेत्रों में भी विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी.

# अतिथि शिक्षकों की नहीं हुई ज्वाइनिंग, प्राचार्य की हिटलरशाही

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 8 जुलाई, मध्य प्रदेश शान शिक्षा विभाग द्वारा जहां निर्देश दिए गए हैं कि 1 जुलाई 2026 से नियमित कक्षाएं संचालित करना सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित माफ डंडों के अनुसार यदि कोई नियमित शिक्षक की नियुक्त नहीं हुई है तो पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को ज्वाइन कराकर अध्ययन अध्यापन कार्य प्रारंभ किया जाए.**

मऊगंज जिले में अधिकांश विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों ने 1 तारीख से ही अतीत शिक्षकों को ज्वाइन कर कर अध्ययन अध्यापन कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है. वही हनुमना तहसील क्षेत्र के प्रतापगंज संकुल प्राचार्य अरुण द्विवेदी द्वारा अपनी मनमानी करते हुए कई वर्षों से लगातार अतिथि शिक्षक के रूप में सकुशल अध्ययन अध्यापन करते हुए शासन के मापदडों से कई गुना आगे जाकर शैक्षणिक गुणवत्ता साबित करने के बावजूद व्यक्तिगत कारणों से कई अतिथि शिक्षकों को आज 6 तारीख तक जॉइनिंग करना तो दूर उन शिक्षकों की माने तो उन्हें कुत्तों की भांति दुत्कारते रहे. मजबूर होकर आंदोलन आत्मक कदम उठाते हुए विद्यालय के गेट पर नारेबाजी करते हुए धरना दे बैठे जिसकी सूचना पाकर विंध्य के वरिष्ठ पत्रकार संपत्ति दासगुप्त अपनी टीम के साथ जैसे ही विद्यालय परिसर में पहुंचे धरना स्थल पर पहुंचते ही अतीत शिक्षक को एवं छात्र-छात्राओं ने घेर लिया लोग अपनी अपनी समस्याएं बताने लगे. 3 वर्षों से विद्यालय में पढ़ा रहे हैं.

अतिथि शिक्षक योगेश गुप्ता करते हैं कि प्राचार्य अरुण द्विवेदी अपने लोगों को लाभ पहुंचाने हम लोगों को ज्वाइन नहीं कर रहे हैं जबकि गत वर्ष भी हम लोगों का रिजल्ट उच्चतम मापदंड को लिए हुए हैं स्वयं तथा रेगुलर टीचरों से अध्ययन कार्य न कर कर केवल अतिथि शिक्षकों के भरोसे विद्यालय संचालित होता है स्वयं विद्यालय में आकर सोते हैं जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसका विरोध करने वाले शिक्षकों को व्यक्तिगत कर्म से यह ज्वाइन नहीं करते. 13 वर्षों के अतीत शिक्षक का अनुभव लिए लगातार कई वर्षों से इसी विद्यालय में पदस्थ अतिथि शिक्षक रामसागर बताते हैं कि स्वयं विद्यालय में आकर अक्सर प्राचार्य खर्राटे मारते हैं ये एकमात्र बायोलॉजी के शिक्षक है.

स्वयं क्लास नहीं लेते जिसके चलते छात्रों का रिजल्ट भी काफी फिसड्डी है इतना ही नहीं अधिकांश रेगुलर शिक्षकों की भी यही हालत है. वहीं दूसरी ओर 3 वर्षों से इसी विद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप में पढ़ रही करुणा पटेल बताती है कि अंग्रेजी विषय के दो पद होने के बावजूद मात्र एक रेगुलर टीचर होने से इस वर्ष उन्हें ज्वाइन नहीं कर रहे हैं जबकि दो पद है और छात्र संख्या भी काफी है. अर्चना पटेल बताती है कि वह मैथ की टीचर है तीन वर्ष से पढ़ा रही है.